>

Title: Dilapidated condition of post office building at Konch Nagar in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के संज्ञान में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय लाना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन गरोठा के कौंच नगर में एक पोस्ट ऑफिस है। वह डाकघर लगभग अंग्रेजों के जमाने का है। वह इतना पुराना हो गया है कि अब वह जर-जर अवस्था में आ गया है। उसकी छतों से पानी चूता है। डाकघर के कर्मचारी उसमें बैठकर काम करते हैं, तो लगता है कि कभी भी छत गिरने से कोई दुर्घटना हो सकती है। यदि छत गिर जाएगी, तो निश्चितरूप से वहां बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग है कि उस पुराने पोस्ट ऑफिस का नया भवन बनाया जाए, जिससे दुर्घटना न हो और हम अपने कर्मचारियों की सुरक्षा पहले से कर सकें। यही हमारी मांग है। धन्यवाद।